भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं॰ 2887
दिनांक 05.12.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

शौचालयों का निर्माण

2887. डॉ॰ जयसिद्देश्वर शिवाचार्य महास्वामीजीः

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में गत दो वर्षों और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान कितने शौचालय बनाए गए है; और
(ख) गत दो वर्षों के दौरान सोलापुर जिले में स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) के अंतर्गत किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय
(श्री रतन लाल कटारिया)

(क) और (ख) दिनांक 02.12.2019 की स्थिति के अनुसार, ऑनलाइन एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर राज्यों द्वारा सूचित आकड़ों के अनुसार पिछले 2 वर्षों तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान महाराष्ट्र के शोलापुर जिले में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्मित वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) की संख्या निम्नलिखित हैः-

वित्तीय वर्ष	**निर्मित आईएचएचएल की संख्या**
2017-18	1,12,363
2018-19	3,667
2019-20	11,002
कुल	**1,27,032**

जिले के सभी 1135 गांवों ने स्वयं को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) घोषित कर दिया है।